बेड़ा पार करो सर पे हाथ धरो

आ गया दर तेरे हार कर सांवरे,
बेड़ा पार करो बेड़ा पार करो,
इंतज़ार बहुत है किया सांवरे,
सर पे हाथ धरो, सर पे हाथ धरो...

हारे के तुम सहारे हो श्याम धणी,
थोड़ी सी जो कृपा मुझ पे होगी तेरी,
तर ही जाऊँगा मैं भव से ओ सांवरे,
हाथ तुम थाम लो, सर पे हाथ धरो,
आ गया दर तेरे हार कर सांवरे,
बेड़ा पार करो बेड़ा पार करो....

मतलबी है ये दुनिया फरेबी हर कोई,
जब मुसीबत पड़े फेरे मुंह हर कोई,
मेरे जीवन में भी हो उजाला प्रभु,
साथ तुम जो रहो सर पे हाथ धरो,
आ गया दर तेरे हार कर सांवरे,
बेड़ा पार करो बेड़ा पार करो....

प्रेमी को आस तेरी भरोसा तेरा,
बस तेरे ही दर पे है कब से पड़ा,
है ये अर्ज़ी मेरी तुमसे ओ सांवरे,
मेरी लाज रखो सर पे हाथ धरो,
आ गया दर तेरे हार कर सांवरे,
बेड़ा पार करो बेड़ा पार करो....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26221/title/beda-paar-karo-sar-pe-haath-dharo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |